>

Title: Need to provide irrigation facilities to Adivasi people living in forest area in Narmada and Bharuch districts, Gujarat- Laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): गुजरात में विशेष रूप से मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत नर्मदा एवं भरूच जिलों में वन भूमि के पटे कई सालों से आदिवासियों के कब्जे में थे तथा उन पर वे खेती करके अपना गुजारा कर रहे थे । केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार ने उन वन भूमि धारकों को पूर्ण अधिकार दे दिया है और वे आज जमीन के मालिक हैं । यह केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार का एक सराहनीय एवं उत्तम कार्य है । परन्तु आदिवासियों को जो जमीन (पट्टे) मिले हैं वो ज्यादातर फॉरेस्ट विलेज के गांवों में हैं । जमीन का मालिकाना हक देने के बाद अगर उन्हें पूरे साल सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बिजली कनेक्शन और सौर ऊर्जा की सुविधा प्रदान की जाए तो इससे वनों में रहने वाले आदिवासियों का शहरों की तरफ पलायन बंद हो जाएगा और साल भर सिंचाई की सुविधा की वजह से वे अपने गांव और समाज के साथ रहकर ठीक से अपना जीवन निर्वहन कर सकेंगे । इस सम्बन्ध में मेरा सरकार से आग्रह है कि वन भूमि धारक किसानों को मालिकाना हक देने के बाद अब उन्हें सिंचाई की सुविधा भी प्रदान की जाए ।